(c) what would be the gas allocation to Gujarat for its power projects therefrom ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) to (c) No decision has been taken to develop the Tapti gas fields.

Demand for additional trains

*320. DR. YELAMANCHILI SIVAJI : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether there was any deman I- from the passengers of Pedakakani near Guntur for additional trains ;

(b) if so, what are the details thereof and

(c) what steps have been taken to meet this demand ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) and(b) Yes, Sir. There is a demand for stoppage of 417 Vijayawada-Macherla and 499 Guntur-Machilipatnam Passenger trains at Pedaka-f kani halt near Guntur.

(c) Demand has been examined but not found feasible due to not having any commercial justification.

पठारी क्षेत्र विकास परियोजना

2058. **श्री शिवप्रसाद चनपुरिया :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आदिवासी समुदाय के लाभ के लिए विश्व बैंक द्वारा प्रायोजित "पठारी क्षेत्र विकास परियोजना" नामक योजना को कार्यान्वित किया जा रहा है ;

(ख) विश्व बैंक द्वारा इस परियोजना के लिए कितनी सहायता प्रदान की जा रही है ;

(ग) किन-किन राज्यों और आदिवासी-बहुल जिलों में ऐसी परियोजनाएं चल रही हैं; और

(घ) क्या ऐसी परियोजनाएं मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भी शुरू की जायेंगी ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) कृषि मंत्रालय द्वारा बिहार पठार विकास परियोजना नामक एक परियोजना सहायता के लिए विश्व बैंक के विचारार्थ भेजी गई है।

(ख) इस परियोजना की अनुमानित लागत 3864 मिलियन रुपए (138 मिलियन डालर) है। इसके लिए लगभग 3360 मिलियन रुपए का ऋण (120 मिलियन अमरीकी डालर) या कुल परियोजना लागत का 87% मांगा गया है। अन्तिम लागत विश्व बैंक तथा भारत सरकार के बीच बातचीत होने पर तय की जायेगी।

(ग) इसके अन्तर्गत बिहार के पलामू (आंशिक तौर पर) लोहारडागा, गुमला, रांची, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, डुमका, साहिबगंज, गोड्डार (आंशिक तौर पर) को लाए जाने का प्रस्ताव है।

(घ) मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों के लिए निकट भविष्य में इस प्रकार की किसी परियोजना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

उत्तर प्रदेश में वन संरक्षण हेतु क्षेत्रों का चयन

2059. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में वन संरक्षण के लिए किन-किन क्षेत्रों का चयन किया गया है ;